# उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा–206130

**Uttar Pradesh University of Medical Sciences, Saifai, Etawah-206130**

Tel.: (05688) 276569, Website: www.upums.ac.in, E.Mail- dean-medical@upums.ac.in


पत्रांकः 5221/यूपीयूएमएस/छात्रप्रकोष्ठ(3799/350)/2024–25 दिनांकः 24 मार्च, 2025

## कार्यालय आदेश

विश्वविद्यालय में अध्ययनरत एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र/छात्राओं की अनुपस्थिति/बंक के विषय में विभागाध्यक्ष एनाटामी के पत्र संख्या 1609 दिनांक 08.03.2025 द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी, जिसके अनुसार छात्र/छात्राएं दिनांक 07.03.2025 से मास बंक पर चले गये थे, जबकि छात्र/छात्राओं हेतु 10.03.2025 से 15.03.2025 तक होली अवकाश पूर्व से ही घोषित थी। उक्त के अतिरिक्त माह दिसम्बर में भी छात्र/छात्राएं दिनांक 23.12.2024 से मास बंक पर गये थे, जबकि दिनांक 30.12.2024 से 04.01.2025 तक शीतकालीन अवकाश पूर्व से ही घोषित था।

इस प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा घोषित अवकाशों के अतिरिक्त कक्षाओं में अनुपस्थित रहने के कारण यदि एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र/छात्राओं की उपस्थिति एन0एम0सी0 द्वारा निर्धारित मानकों से कम होगी, तो वह आगामी एम0बी0बी0एस0 प्रथम व्यावसायिक परीक्षा हेतु पात्र नहीं होंगे। उक्त परीक्षा हेतु जितने छात्र/छात्राएं पात्र होंगे, उनके लिए परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी तथा शेष अपात्र छात्र/छात्राएं नियमानुसार परीक्षा से वंचित रह जायेंगे।

अतः एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र/छात्राओं को आदेशित किया जाता है कि वह निर्धारित टीचिंग शेड्यूल के अनुसार नियमित रूप से कक्षाओं में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए, उपस्थिति के सम्बन्ध में एन0एम0सी0 मानकों को पूर्ण करें, ताकि उनकी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समय से सम्पन्न हो सकें।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय

**प्रतिलिपि–**

1. विभागाध्यक्ष, एनाटामी, फिजियोलाजी, बायोकमेस्ट्री।
2. प्रभारी अधिकारी वेबसाईट उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर छात्र/छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के अवलोकनार्थ अपलोड कराने का कष्ट करें।
3. एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के छात्र/छात्राओं के अभिभावकों को ईमेल के माध्यम से सूचनार्थ प्रेषित।
4. प्रमुख निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
5. एम0बी0बी0एस0 बैच–2024 के समस्त छात्र/छात्राओं को अनुपालनार्थ।

(डा0 आदेश कुमार)
संकायाध्यक्ष, चिकित्सा संकाय